तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 25 अगस्त 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



10 विद्यार्थियों को दी गई साइबर सुरक्षा, नशा मुक्ति व ...





10 चटाई बेचने की आड़ में गांजा तस्करी मध्यप्रदेश ...




## खबर संक्षेप

### दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ ने विधायक को सौंपा मांगपत्र



जगदलपुर। विधायक कार्यालय नयापारा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव से छग दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मांगपत्र सौंपा। संघ ने अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर चर्चा किया। देव ने मांगों को लेकर शासन से चर्चा कर कर्मचारी हित में कार्य करने की बात कही। इस दौरान प्रांत अध्यक्ष रामकुमार सिन्हा प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधर जैन,नरेंद्र मालवीय,राजेश पटेल,आशीष खोरा व पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### किरण का एमबीबीएस के लिए हुआ चयन

जगदलपुर। किरण प्रधान ने नीट की परीक्षा पास कर पुलिस परिवार एवं बस्तर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके पिता 5 वीं बटालियन छत्तीसगढ सशस्त्र बल में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। किरण ने प्रारम्भिक पढ़ाई विद्या ज्योति स्कूल में की। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता के अलावा गुरुजनों को दी है।



### केवल कृषि उपज मंडी चांदनी चौक में मिलेंगी भगवान गणेश की प्रतिमा



जगदलपुर । शहर में गणेश प्रतिमाओं की बिक्री के लिए कृषि उपज मंडी चांदनी चौक को अधिकृत स्थल निर्धारित किया गया है। महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन एवं आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया। तय स्थान के अलावा कहीं और गणेश प्रतिमा बेचने पर कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने दी है।

### सड़क और पुलिया में गौवंश का डेरा आवागमन बाधित



जगदलपुर। इंद्रावती का पुराना पुल पर रोज सैकड़ों दुपहिया वाहन आते-जाते है। ऐसे में कोई बड़ी घटना की संभावना बनी है। विजय वार्ड के पार्षद गौतम पाणिग्राही ने कहा कि आवारा गौवंशो की सुरक्षा के लिए सरकार के पास कोई योजना नहीं है। कांजी हाउस में गौवंशों को रखने उचित व्यवस्था नहीं है। कांजी हाउस में 24 घण्टे नियमित कर्मचारी की भर्ती नहीं की जा रही है।

### श्रद्धालुओं ने प्रोजेक्टर स्क्रीन पर सुना सत्संग



जगदलपुर। लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के ग्राम उसरीबेड़ा सामुदायिक भवन में संत रामपाल महाराज के आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया। उनके अनुयायियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शेष पेज 10 पर

# समाज का नेतृत्व केवल भाषणों से नहीं बल्कि कर्म से होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

समाज सेवा केवल शब्दों का उच्चारण नहीं बल्कि वह संकल्प है जिसमें जीवन का मर्म छुपा होता है। वृंदावन कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पावन धाम में आज दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। इस दौरान पूरा वातावरण सेवा ही साधना है के संदेश से गूंज उठा।

इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डे, कलेक्टर हरिस एस सहित अनेक लोगों ने रक्तदान कर यह संदेश दिया कि समाज का नेतृत्व केवल भाषणों से नहीं, बल्कि कर्म से होना चाहिए। वास्तव में जब कोई रक्तदान करता है तो वह आमजन को भी प्रेरित करता है कि सेवा की राह सभी के लिए खुली है। महापौर ने कहा रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। दादी प्रकाशमणि की स्मृति में हो रहा यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जीवनदायिनी पहल है। प्रजापिता शेष पेज 10 पर

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

### सकारात्मक सोच से मजबूत समाज

दादी प्रकाशमणि का जीवन हमें यह सिखाता है कि सेवा और सकारात्मक सोच ही सच्ची आध्यात्मिकता है। आज का रक्तदान शिविर उसी विचारधारा का प्रतिरूप था। आम नागरिक तक सभी ने यह साबित किया कि सेवा की कोई सीमा नहीं होती। बस्तर केवल सांस्कृतिक धरोहरों का ही गढ़ नहीं, बल्कि समाज सेवा और मानवीय संवेदनाओं की भी धरती है। यह रक्तदान शिविर आने वाली पीढ़ियों के लिए संदेश है कि इंसानियत की रक्षा केवल शब्दों से नहीं, बल्कि कर्मों से होती है।



### सेवा और बंधुत्व की मिसाल

आज जब समाज में विभाजन, प्रतिस्पर्धा और स्वार्थ बढ़ रहे हैं, तब इस प्रकार के आयोजन हमें याद दिलाते हैं कि रक्तदान केवल जीवनदान ही नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का माध्यम है। दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति पर दिया गया यह योगदान आने वाले वर्षों तक सेवा और बंधुत्व की मिसाल बना रहेगा।



## समस्या : कार्डधारियों का ई पास मशीन से नहीं खुल रहा वितरण का ऑप्शन

# बीपीएल परिवारों का दाना-पानी बंद राशन दुकानों से नहीं मिल रहा चावल

अनिल सामंत ▶▶ जगदलपुर

अलग खबर

अगस्त माह में गरीबों को प्रदान किए जाने वाला अंत्योदय, निराश्रित, निःशक्त परिवार को निःशुल्क चावल नहीं मिलने से इन परिवारों का दाना-पानी प्रभावित हुआ है। जुलाई तक सब कुछ ठीक रहा और बीपीएल परिवारों को जिले में लगभग 718563 कार्डधारकों को चावल दिया गया। लेकिन अगस्त माह पूरा होने में कुछ ही दिन शेष रह गया है। अब तक बीपीएल कार्डधारकों को निशुल्क चावल का वितरण राशन दुकानों से नहीं होने से गरीबों को दो वक्त का भोजन नसीब नहीं हो पा रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक बस्तर जिले में बीपीएल कार्डधारकों में अंत्योदय के 153166,निराश्रित कार्ड 496,प्राथमिकता कार्ड 143295 में सदस्यो की संख्या 564813,निःशक्त जन कार्ड सदस्य 88 है। इस तरह बस्तर जिले में 7 लाख 18 हजार 563 बीपीएल परिवारों को अगस्त का राशन नही मिलने को लेकर खाद्य नियंत्रक घनश्याम राठौर से उनके मोबाइल नम्बर से सम्पर्क किया गया, उनके द्वारा कॉल रिसीव नही किया गया। गणेश चतुर्थी व अन्य पर्व का अवकाश होने से अब माह समाप्ति के लिए 5 कार्य दिवस रह गया है। अधिकांश राशन दुकान सोमवार को अपनी दुकानें बंद रखते है। 4 दिनों में यदि शासन स्तर पर व्यवस्था सुधर जाएगा तो कार्डधारकों को इतने कम समय मे राशन का वितरण क्या हो पाएगा। सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि राशन दुकानों में अगस्त माह का चावल भंडारण हो चुका है। दुकानों में पड़े चावल चूहों के द्वारा चट किया जा रहा है।



■ खाद्य नियंत्रक कुछ कहने से कतरा रहे

### राशन दुकानदारों को नही देते जानकारी

राशन विक्रेता संघ के अध्यक्ष राहुल ने बताया खाद्य नियंत्रक कभी भी कोई जानकारी मांगने पर सहयोग नहीं करते। खाद्य नियंत्रक ने विभाग के अन्य अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे रखा है कि किसी प्रकार की विभागीय जानकारी दूसरों से साझा न करें। अब खाद्य नियंत्रक किस बात को लेकर उचित जानकारी देने में राशन दुकानदारों से दूरी बनाए हुए हैं, यह उनसे ज्यादा कोई नहीं जानता।

### पास मशीन से वितरण का ऑप्शन नही खुल रहा

विभागीय सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि राशन दुकानों में शासन से आवंटित पास मशीन से वितरण का ऑप्शन नहीं ओपन होने से ऐसी स्थिति निर्मित हुई है।

### एपीएल कार्ड धारकों को भी नहीं मिला अगस्त का चावल

बस्तर जिले में बीपीएल कार्ड धारकों के जैसे एपीएल कार्डधारकों को भी अगस्त माह का चावल नहीं मिला है। जिले में 72481 एपीएल कार्डधारी हैं। ऐसे सामान्य कार्डधारकों को भी अगस्त माह का चावल वितरण नहीं किया गया है।

# हड़ताल से जिले के 4 ब्लॉक में 22 उप स्वास्थ्य केन्द्र में लगा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी 10 सूत्रीय मांगों नियमितीकरण, ग्रेड पे, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, लंबित 27 फीसदी वेतनवृद्धि सहित को लेकर 6 वें दिन में भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे। एनएचएम कर्मचारियों के आंदोलन से स्वास्थ्य सेवाएं ठप होने से स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। इसके चलते बस्तर जिले के 4 ब्लॉक के 22 उप स्वास्थ्य केन्द्र में ताला लगा होने से ग्रामीण मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसमें से तोकापाल ब्लॉक के सकरगांव, सिरिसगुड़ा, राजूर, राजूर सड़कपारा, मवालीभाटा, बारुपाटा, केशलूर, तोकापाल, बस्तर ब्लॉक के बस्तर, केशरपाल, बड़ेचकवा, बकावंड ब्लॉक के तारापुर, कोसमी, छोटेदेवड़ा, मोहलाई, कौडावंड, सांवरा, धनपुर, बजावंड, नानगूर ब्लॉक के उलनार, बाबूसेमरा एवं पुष्पपाल के उप स्वास्थ्य केन्द्र एक सप्ताह से एनएचएम की हड़ताल से बंद है।

■ एनएचएम की हड़ताल से ग्रामीण मरीजों को हो रही परेशानी

### रेगुलर कर्मी को किया तैनात

*सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक ने इस संबंध में बताया कि एनएचएम की हड़ताल के चलते सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों में रेगुलर कर्मी को तैनात किया गया है, जिससे मरीजों को परेशानी न हो सके।*

# संडे ऑन साइकिल, आधा घंटा रोज फिटनेस के डोज में शामिल हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर पुलिस द्वारा रविवार को संडे ऑन साइकिल, आधा घंटा रोज फिटनेस का डोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फिट इंडिया मूवमेंट का उद्देश्य फिटनेस को आमजन के दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है। इसी कड़ी में फिट इंडिया साईकिल ड्राइव की शुरूआत की गई थी जो देशभर के 35,500 से अधिक स्थानों पर आयोजित हो चुका है और 7 लाख से अधिक साइक्लिंग प्रेमियों को जोड़ चुका है। इस पहल को प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में सराहा है। साइक्लिंग के साथ-साथ योग, जुम्बा, रस्सी कूद और अन्य फिटनेस गतिविधियां भी शामिल की गई हैं। जिससे आमजन बड़ी संख्या में जुड़ते आ रहे हैं। बस्तर पुलिस का यह प्रयास पुलिसकर्मियों में शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति लाने में सहायक होगा। वहीं आम नागरिकों को भी स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।



*ये हुए शामिल-इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, योगेश देवांगन,उप पुलिस अधीक्षक अमित देवांगन,संतोष जैन, रक्षित निरीक्षक अभिजीत भदौरिया , थाना प्रभारी कोतवाली भोला सिंह राजपूत, साइबर दिलबाग सिंह, अजाक उमेश पाटिल, साइबर निरीक्षक विकेश तिवारी, निरीक्षक भोज कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।*

# अंडर 14 में 30 खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर जिला क्रिकेट संघ द्वारा अंडर 14 वर्ष का ट्रायल नेताजी सुभाष चन्द्र बोस क्रिकेट स्टेडियम कालीपुर में किया गया। ट्रायल के समय स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक अजय तिवारी उपस्थित रहे। ट्रायल में 52 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें से चयनकर्ता द्वारा 30 खिलाड़ियों का चयन किया गया । 5 घंटे चले ट्रायल में खिलाड़ियों की बल्लेबाजी, गेंदबाजी, फिटनेस तकनीक को ध्यान में रखते हुए चयनकर्ताओं ने श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया। स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर 14 वर्ग की प्रतियोगिता 29 अक्टूबर से आयोजित की जाएगी । प्रतियोगिता एक दिवसीय 50 ओवर के फॉर्मेट में आयोजित होगी। बस्तर जिला क्रिकेट संघ द्वारा 10 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक प्रशिक्षण कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उसके पश्चात 17 अक्टूबर से सलेक्शन मैच आयोजित किए जाएंगे । जिसके आधार पर अंतिम 15 खिलाड़ियों का चयन सूची जारी की जाएगी। उक्त जानकारी केदार ठाकुर द्वारा दी गई।



### ये रहे उपस्थित

*चयनकर्ता प्रदीप गुहा, विवेक राम, टोनी बारला, शाहीद खान, रविन्द्र ठाकुर एवं कोच करणदीप सिंह उपस्थित रहे। जिला क्रिकेट संघ की ओर से गोविंद वर्मा, आलोक साव, सुशील चौहान, संतोष झा भी उपस्थित रहे।*

# आरटीओ व उड़नदस्ता ने सड़कों पर मवेशियों को लगाया रिफ्लेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य एवं रजत जयंती तथा पोला त्योहार को शामिल करते हुए सड़क सुरक्षा के लिए जगदलपुर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में बैठे आवारा मवेशियों एवं दुर्घटना के बचाव के लिए परिवहन आयुक्त के निर्देश के परिपालन में रिफलेक्टर बेल्ट क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं उड़नदस्ता टीम के साथ लगाया गया। हाइवे और शहर की सड़कों पर बेसहारा पशुओं से होने वाले हादसे रोकने को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया है। अभियान के तहत पशुओं को रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं, ताकि रात के अंधेरे में सड़क पर बैठे पशुओं का पता चल सके। सर्दी के मौसम में धुंध ज्यादा पड़ने से हादसे ज्यादा होते हैं। धुंध के कारण सड़कों पर बैठे आवारा पशु दिखाई नहीं देते हैं, जिस कारण जहां वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं वहीं पशु भी चोटिल हो जाते हैं। बताया जा रहा है कि हाल ही में वाहनों की दुर्घटना से मवेशियों की मौत एवं घायल हुए थे।

■ सड़कों में आवारा मवेशियों की सुरक्षा के लिए परिवहन विभाग ने चलाया अभियान



### पशु-पक्षियों के प्रति दिखाएं दया भाव

*संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि ने कहा कि किसी देश की प्रगति इस बात से आंकी जाती है कि वहां पशु-पक्षियों के साथ किस तरह का व्यवहार किया जा रहा है। पशु-पक्षियों के प्रति दया भाव रखना एवं उनके जीवन की रक्षा करना मानवीय कर्तव्य है। पशुओं के जीवन की सुरक्षा और सड़क हादसों में कमी लाने के लिए परिवहन आयुक्त के निर्देश पर यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।*

## बाजार में सब्जियों की आवक कम होने से बढ़ रहा दाम

# टमाटर 40-50 रुपए किलो, हरी सब्जियों के भाव भी छू रहे आसमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

टमाटर पर महंगाई का रंग कुछ इस कदर चढ़ा है कि इसे लोग खरीद नहीं रहे, बल्कि रेट पूछकर ही कदम पीछे कर रहे हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि टमाटर पर महंगाई की वजह से इसकी डिमांड अब बेहद कम हो गई है। शहर के संजय बाजार में रविवार को यह थोक में 1100 रूपए कैरेट और फुटकर में 40 से 50 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया। महंगाई की वजह से इसकी खपत और मांग भी घटकर एक तिहाई रह गई है। बाजार में इसके खरीदार नजर नहीं आ रहे हैं। महंगाई की मार हरी सब्जियों पर भी देखने को मिल रही है। इसकी वजह सब्जी की कम आवक बताई जा रही है। महीने भर से टमाटर की महंगाई लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। इक्का-दुक्का दुकानों पर ही बड़े आकार का लाल टमाटर नजर आ रहा है, जो 40 से 50 रुपए किलो तक बिक रहा है। टमाटर के अलावा अन्य सब्जियों के भी दाम बढ़ने से अब आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यम वर्गीय परिवार के लोगों का बजट बिगड़ गया हैं। व्यापारियों ने बताया कि स्थानीय मंडियों में टमाटर उपलब्ध नहीं है, अन्य प्रदेश की मंडियों से मंगाया जा रहा है। जगदलपुर में बेंगलुरुदूसरे से शहर में रोज लगभग 5 ट्रक टमाटर आ रहा है।

■ दूसरे राज्य से रोज लगभग 5 ट्रक की आवक





### सब्जियों के दाम पर एक नजर

*शहर के साप्ताहिक बाजार में रविवार को मटर 200, खेक्सी 200, करेला 80, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 30, भिंडी 80, आलू 30, प्याज 30, अदरक 180, लहसून 250 रूपए किलो और लालभाजी 20 रूपए में 6 जूड़ी बिक रहा है।*

## खबर संक्षेप

### बगैर आदेश के शनिवार का प्रातःकालीन विद्यालय बंद

**केशकाल।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी धनोरा प्रवीण अग्निहोत्री ने कहा है



कि 15 दिवस पूर्व रायपुर से शिक्षा विभाग द्वारा जारी कैलेंडर में यह प्रसारित हुआ कि यदि शनिवार को दिनभर का विद्यालय संचालित हुआ तो संचालन इस प्रकार होगा। इस पर बिना राज्य शासन के स्पष्ट आदेश के संभागीय, जिला व विकास खण्ड के शिक्षा अधिकारियों ने फरमान जारी कर सुबह स्कूल को बंद कर शनिवार को भी दिनभर विद्यालय संचालन के लिए शिक्षकों को मजबूर किया। शिक्षा समिति इस समयसारिणी का विरोध कर रही है। इस समय पर दूरस्थ अंचल से आने वाली महिला शिक्षकों को काफी परेशानी होती है। अतः शनिवार को प्रातःकालीन विद्यालय प्रारंभ किया जाए।

### 8 सागौन के गोले सहित इनोवा जब्त



**भोपालपटनम ।** परिक्षेत्र अधिकारी भोपालपट्नम ने सागौन लठ्ठों से भरी एक इनोवा क्रमांक एपी 36ए 5020 को पकड़ा है। पिछले दो तीन दिनों से कर्मचारियों को तैनात किया गया था। जैसे ही इनोवा गाड़ी तारलागुड़ा पहुंची तो नाका के पास कर्मचारियों को तैनात देख भागने की कोशिश की । तस्कर गांव की ओर भागे और गाड़ी छोड़ कर कहीं छिप गये। इनोवा गाड़ी एवं उसमें रखे 8 नग सागौन गोला को जब्त किया गया। 0.586 घन मीटर की कीमत लगभग 50000 से 65000 बताई गई है। बीजापुर डीएफओ के निर्देश एवं एसडीओ भोपालपटनम के मार्गदर्शन में पूरी कार्रवाई की है।

### बंजारी माता मंदिर परिसर की सौर लाइट 2 साल से खराब

**दुर्गुकोंदल।** बंजारी माता मंदिर में तीन साल पूर्व लगाए गए सौर प्लेट से जलने वाले लाइट की स्थिति खराब हो गई है, जिससे शाम होते ही गांवों में अंधेरा हो जाता है, लेकिन इस पर न तो स्थानीय जनप्रतिनिधि का ध्यान है और न ही विभाग का जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर धीरे-धीरे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

## पेज 9 के शेष

### समाज का नेतृत्व...

ब्रह्माकुमारी संस्था में प्रवेश करते ही सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। यह वक्तव्य केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि इस युग की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आज जब समाज में तनाव, नकारात्मकता और स्वार्थ हावी हो रहे हैं, ऐसे में रक्तदान जैसी सेवा न केवल जीवन बचाती है बल्कि इंसानियत को जीवित रखती है। संस्था प्रमुख बीके मंजूषा ने बताया कि 22 से 25 अगस्त तक संपूर्ण भारत में रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। एक लाख यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है। इसे विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। एक लाख यूनिट रक्तदान का लक्ष्य केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि वह जीवित प्रमाण है कि जब लोग संगठित होते हैं तो किसी भी बड़े लक्ष्य को हासिल करना संभव है। कार्यक्रम में डॉ के एल आजाद, राहुल जैन, विवेक सोनी, लाईबा चामडिया, प्रीति आजाद, निर्मल सोनी उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं ने प्रोजेक्टर...

श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सत्संग का प्रसारण एक बड़े प्रोजेक्टर स्क्रीन पर किया गया। जिससे उपस्थित लोगों को संत रामपाल के प्रवचन सुनने का अवसर मिला। सत्संग में सृष्टि की रचना और उसके रचयिता पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में संभाग संयोजक गणपत सेठिया, संभागीय सहयोगी संयोजक जगदीश दास, जिला संयोजक दिनेश नाग एवं जयपाल सेठिया, ब्लॉक संयोजक पिलूराम एवं नारायण दास, वनवासी बघेल रामचंद नाग एवं अन्य उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को दी गई साइबर सुरक्षा, नशामुक्ति व यातायात नियमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ग्राम अनंतपुर स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में आज पुलिस विभाग द्वारा चलित थाना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय. अक्षय कुमार के दिशा–निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल तथा एसडीओपी कोंडागांव रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

अलग खबर

कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र–छात्राओं को सायबर फ्रॉड एवं इससे बचाव के उपाय, नशे के दुष्प्रभाव, यातायात नियमों का महत्व एवं विभिन्न कानूनी जानकारियां प्रदान की गईं। पुलिस अधिकारियों ने विस्तार से बताया कि डिजिटल युग में ऑनलाइन ठगी व सायबर अपराध किस प्रकार बढ़ रहे हैं और उनसे बचाव के लिए कौन–कौन से कदम उठाने चाहिए।

## अनंतपुर हायर सेकेंडरी स्कूल में लगाया गया चलित थाना



### सड़क सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारीः रूपेश

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी और इसके दुष्परिणामों की जानकारी दी। वहीं, एसडीओपी रूपेश कुमार ने यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है। विद्यालय प्रबंधन एवं छात्र–छात्राओं ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरुकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं।

## कार्रवाई : बांसकोट चौकी पुलिस को 10 साल के बाद मिली बड़ी सफलता

# चटाई बेचने की आड़ में गांजा तस्करी मध्यप्रदेश के दो तस्कर को पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव/ केशकाल

कोंडागांव जिले के बांसकोट चौकी पुलिस को अवैध मादक पदार्थ के तस्करों को पकड़ने में बड़ी सफलता मिली है। करीब दस सालों बाद अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मध्यप्रदेश के दो गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके कब्जे से 39 किलो से अधिक अवैध गांजा बरामद किया है। दोनों आरोपी चटाई बेचने के बहाने मोटरसाइकिल से गांजा की तस्करी कर रहे थे।

पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय. अक्षय कुमार द्वारा जिला के समस्त थाना / चौकी प्रभारियों को आसमाजिक कृत्यों को अंजाम देने वाले लोगों पर उचित वैधानिक कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है। जिस पर अतिरिक्त3 पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरूण नेताम के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी नरेश साहू के नेतृत्व में जुआ, सट्टा, खुड़खुड़िया, आबकारी, मादक पदार्थ परिवहन पर रोक लगाने टीम गठित कर चौकी क्षेत्र में रवाना किया गया था। भ्रमण के दौरान मुखबिरों से सूचना मिली की ओडिशा राज्य की ओर से ग्राम बांसकोट के कच्चे मार्ग से दो व्यक्तियों द्वारा बाइक में अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर बताये स्थान पर जाकर पुलिस ने मोटर वाहन चेकिंग कार्रवाई के दौरान दो मोटर सायकल हीरो एच एफ डिलक्स क्रमांक एमपी 43 एजी 1017 तथा होण्डा साईन कमांक एमपी 13 जेडएस 2830 के चालकों को रोककर पूछताछ की। उनके वाहन में बंधी दो बोरियों सहित चटाई को चेक किया। जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया।



बाइक मे लदी बोरियों से 39 किलो गांजा बरामद

### 5 लाख से अधिक का जुमला किया गया जब्त

आरोपियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम विकम बंजारा पिता बहादुर बंजारा उम्र 23 वर्ष और सुरेश बंजारा पिता बाबूलाल बंजारा उम्र 23 वर्ष दोनों निवासी नागजरी थाना उनेल जिला उज्जैन, मध्य प्रदेश का होना बताया । दोनों के कब्जे से कुल 39.450 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 3 लाख 98 हजार रुपए, दो मोटर सायकल कीमती 90 हजार रुपए, दो नग मोबाइल कीमत 11 हजार रुपए, 6 नग चटाई 1000 रुपए तथा नकद 2262 रुपए नकद जुमला 5 लाख 11 हजार 262 रुपए जब्त किया गया। आरोपियों की कृत्य 20 (बी) एनडीपीएस का होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### कार्रवाई में ये रहे शामिल

उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नरेश साहू, सहायक उप निरीक्षक दिनेश पटेल, प्रआर रामनारायण जगत, आरक्षक रमेश नाग, सोमेश कश्यप, मनोज शांडिल्य, चंद्रप्रभाष नेताम, संजय पाण्डे शामिल रहे।

# विधवा से की छेड़छाड़ और मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



थाना क्षेत्र में एक विधवा महिला के साथ उसके ही रिश्तेदार द्वारा लगातार छेड़छाड़ और मारपीट करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी, फागूराम मंडावी, महिला के पति की मृत्यु के बाद से ही उस पर बुरी नजर रखता था और मौका मिलते ही उसके साथ अश्लील हरकतें करता था। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

■ पीड़िता को दबंगई दिखाकर करता था परेशान

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी फागूराम मंडावी अक्सर उसके घर में घुसकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास करता था। मना करने पर वह पीड़िता को तेरा पति मर गया है, जमीन मेरे नाम पर है बोलकर धमकी देता था और घर से निकालने की कोशिश करता था। शनिवार सुबह भी आरोपी शराब के नशे में महिला के घर में घुसा और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर उसने महिला के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की।

### पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी संजय शिंदे के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने आरोपी को पूछताछ के बाद विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### पुलिस टीम की भूमिका

इस मामले की सफल विवेचना और गिरफ्तारी में निरीक्षक संजय शिंदे (थाना प्रभारी), महिला प्रधान आरक्षक बीना मंडावी, आरक्षक मनोज वट्टी और नारायण शार्दूल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इन अधिकारियों ने संवेदनशीलता और तत्परता दिखाते हुए पीड़िता को न्याय दिलाने में मदद की।

# पीएम सड़क योजना में बड़ी लापरवाही, गलत जगह लगा दिया साइन बोर्ड




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के बड़ेराजपुर विकासखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बने एक मार्ग पर ठेकेदार की बड़ी लापरवाही सामने आई है। ग्राम पंचायत तितरवंड के आश्रित गाँव पीटीसपाल से तितरवंड जाने वाले मुख्य मार्ग पर एक साइन बोर्ड लगाया गया है, लेकिन उस पर जिस सड़क का विवरण है, वह वास्तव में उस जगह की नहीं है।

साइन बोर्ड पर स्पष्ट लिखा है कि यह सड़क ओंडकापारा से गटटेपारा तक बनी है। इसकी लागत 33.25 लाख रुपये है, और इसका निर्माण मेसर्स पवनकुमार चंद्राकर ने किया है। बोर्ड के अनुसार, यह कार्य 27 दिसंबर 2019 को शुरू होकर 11 जुलाई 2020 को पूरा हुआ था, और इसकी 5 साल की गारंटी है। ठेकेदार ने जिस गाँव ओंडकापारा में बोर्ड लगाना था, वहाँ न लगाकर इसे पीटीसपाल से तितरवंड जाने वाले मार्ग पर लगा दिया। यह लापरवाही अधिकारियों और ठेकेदार दोनों की ओर से दिख रही है, क्योंकि आज तक न तो प्रशासन ने इस पर ध्यान दिया और न ही यहाँ से गुजरने वाले ग्रामीणों ने इसे ठीक करवाया। यह घटना ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के क्रियान्वयन पर सवाल उठाती है।




# ओवरआल चैंपियन बना विद्या ज्योति स्कूल

**जगदलपुर।** 13वीं इंटर स्कूल जूडो प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि योगेंद्र पाण्डेय संरक्षक बस्तर जिला जूडो संघ, अभिषेक सिंह अवस्थी डायरेक्टर सीवी रमन यूनिवर्सिटी , राणा घोष अध्यक्ष जिला फुटबाल संघ, मुरली कश्यप एचपी गैस के उपस्थिति में टाउन हॉल में हुआ। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलों में हार जीत लगी रहती है मगर मन से कभी हार नहीं मानना है। प्रतियोगिता में बस्तर संभाग सहित अन्य जिलों की जूडो टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग में हुई। साथ ही 10 वर्ष के कम वर्ग के खिलाड़ियों की भी प्रतियोगिता रखी गई। प्रतियोगिता में 260 खिलाड़ी व 20 अधिकारी भाग लिए । ओवरआल चैंपियन में प्रथम विद्या ज्योति स्कूल, द्वितीय नानी कल्याण विद्यालय सर्वदा, धमतरी रहा।

**संपन्न कराने में इनका रहा योगदान-** प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने निर्णायक मंडल में मकसूदां हुसैन, नवीन ठाकुर, शैलेन्द्र ठाकुर, सुमन राव, यशवंत पांडे, मोहम्मद मुसेब गाजी, भुने ठाकुर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बस्तर जिला जूडो संघ के सचिव अब्दुल मोईन के मार्गदर्शन पर प्रतियोगिता हुआ।

# फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल अभियान के तहत अफसरों और जवानों ने चलाई सायकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा दिसंबर 2024 में शुरू किया गया फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल एक राष्ट्रव्यापी फिटनेस आंदोलन है। यह पहल साइकिल चलाना एक टिकाऊ, समावेशी और पर्यावरण के अनुकूल व्यायाम के रूप में बढ़ावा देती है, जिसमें कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। इस अभियान के तहत रविवार 24 अगस्त को कांकेर पुलिस के अधिकारियों एवं जवानों ने जंगलवार कॉलेज से नरहरदेव स्कूल तक सायकल रैली निकाली।

कैंपेन के तारतम्य में कांकेर पुलिस द्वारा 24 अगस्त को प्रातः साढ़े सात बजे सायकल रैली जंगल वारफेयर कालेज कांकेर मेन गेट से प्रारम्भ होकर कांकेर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए नरहरदेव स्कूल कांकेर तक साइकिलिंग मार्च संपन्न किया गया। हर पैडल के साथ बढ़े सेहत, हर कदम के साथ बढ़े सुरक्षा। रविवार को आइए, साइकिल चलाकर दें, फिटनेस और सुरक्षित कांकेर का संदेश दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा ने इस अवसर पर कहा कि साइकिलिंग को व्यायाम के रूप में अपनाने से न केवल हृदय संबंधी स्वास्थ्य में सुधार होता है और मानसिक कल्याण में वृद्धि होती है, बल्कि युवाओं में बढ़ती मोटापे की समस्याओं से निपटने में भी मदद मिलती है।

यह सक्रिय रहने, तनाव को दूर करने और प्रकृति के साथ फिर से जुड़ने का एक सरल लेकिन शक्तिशाली तरीका है। इस पहल का उद्देश्य फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना और साइकिलिंग को एक स्वस्थ, पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ परिवहन साधन के रूप में प्रोत्साहित करना है। पुलिस की इस पहल की सराहना हर वर्ग ने किया और कहा कि समय-समय पर ऐसी पहल होते रहना चाहिए, जिससे युवा वर्ग जो सायकल से पूरी तरह से दूरी बना लिया है, वो भी इस अभियान के तहत सायकल से जुड़ा रहे। आयोजित सायकल रैली में एसडीओपी कांकेर मोहसिन खान, थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर, रक्षित निरीक्षक गोविंद वर्मा, एसआई केजूराम रावत, थाना कांकेर एवं रक्षित केंद्र का स्टाप उपस्थित रहे।

## तृतीया तिथि 25 की सुबह 11. 39 बजे से 26 को 12. 39 बजे तक

# गजकेसरी योग में हरतालिका कल मनाएंगी सुहागिनें पति की दीर्घायु और समृद्धि के लिए करेंगी निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हरतालिका तीज पर इस बार एक या दो नहीं बल्कि चार शुभ योग बन रहे हैं, जिससे इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है। हरतालिका तीज पर पूरे दिन रवि योग, शुभ योग, साध्य योग रहने वाला है। इसके साथ ही इस दिन गुरु और चंद्रमा एक दूसरे से केंद्र भाव में रहने वाले हैं, जिससे गजकेसरी योग रहने वाला है। हरितालिका तीज भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। इस साल हरतालिका तीज 26 अगस्त को मनाई जाएगी।



भारत एक ऐसा देश है, जहां हर त्योहार सिर्फ पूजा-पाठ तक सीमित नहीं होता, बल्कि उसमें हमारी भावनाएं, रिश्ते, परंपराएं और कहानियां भी जुड़ी होती हैं। इन त्योहारों में से एक खास त्योहार है हरतालिका तीज। हरतालिका व्रत को हरतालिका तीज या तीजा भी कहते हैं. आमतौर पर इसे सुहागिन महिलाओं का व्रत माना जाता है, जिसमें वे निर्जला रहकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं और पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं, इसके साथ ही अविवाहित लड़कियां भी यह व्रत करती हैं ताकि उन्हें एक अच्छा और मनचाहा जीवन साथी मिले। हरितालिका तीज का पर्व सुहाग की सुरक्षा के लिए मनाया जाता है। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 25 अगस्त को सुबह 11 बजकर 39 मिनट पर लगेगी, जो 26 अगस्त को दिन में 12 बजकर 39 मिनट तक रहेगी। इस बार यह व्रत 26 अगस्त को रखा जाएगा।

### हरतालिका तीज व्रत का महत्व

हरतालिका तीज व्रत को पति की दीर्घायु और सुखी दांपत्य जीवन के लिए करती हैं. इस व्रत को कठिन व्रत में से एक माना जाता है क्योंकि यह व्रत निर्जला उपवास रखा जाता है। हरतालिका तीज को करवाचौथ से भी कठिन माना जाता है क्योंकि करवाचौथ में चंद्रमा को देखकर व्रत को संपन्न किया जाता है, वही इस व्रत में पूरे दिन निर्जल व्रत किया जाता है और अगले दिन पूजन के बाद ही व्रत संपन्न किया जाता है।

समक्ष :- श्रीमती अनुविभगीय दण्डाधिकारी दन्तेवाड़ा जिला द.ब. दन्तेवाड़ा छ.ग.

**शपथ पत्र**

मैं श्रीमती सुखमती कश्यप पति स्व. जयराम कश्यप, उम्र 41 वर्ष, निवासी महाराहाउरनार पटेल पारा, तहसील कुआकोण्डा जिला दन्तेवाड़ा छ.ग. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन व्यक्त करती हूँ किः-

1. यह कि मेरा पुत्र का आधार कार्ड संख्या 3899 4647 8153 है जिसमें पुत्र का नाम साई कश्यप (SAI KASHYAP) पिता जयराम कश्यप (JAYARAM KASHYAP ) व जन्म तिथि 12/05/2012 अंकित हो गया है, जो कि गलत है।
2. यह कि मेरा पुत्र का वास्तविक व सही नाम साहिल कश्यप (SAHIL KASHYAP) पिता जयराम कश्यप (JAIRAM KASHYAP) व सही जन्म तिथि 15/02/2011 है, जो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणित पत्र में अंकित नाम व जन्मतिथि से प्रमाणित है।
3. यह कि शपथ पत्र का निष्पादन मेरे पुत्र के उक्त आधार कार्ड में अंकित गलत नाम साई कश्यप (SAI KASHYAP) पिता जयराम कश्यप ( JAYARAM KASHYAP ) व गलत जन्म तिथि 12/05/2012 के स्थान पर सही नाम साहिल कश्यप (SAHIL KASHYAP) पिता जयराम कश्यप (JAIRAM KASHYAP) व सही जन्म तिथि 15/02/2011 सुधार कर अंकित कर मान्य किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत है ।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं श्रीमती सुखमती कश्यप पति स्व. जयराम कश्यप, उम्र 41 वर्ष, निवासी महाराहाउरनार पटेल पारा, तहसील कुआकोण्डा जिला दन्तेवाड़ा छ.ग. सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र मे वर्णित तथ्य मेरे स्वतः के निजी ज्ञान एवं विश्वास से सत्य एवं सही है सत्यापन आज दिनांक 11/07/2025 को स्थान दन्तेवाड़ा में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता

न्यायालय- व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला- दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

**अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने बाबत अनावेदक क्रमांक 02 की उपस्थिति हेतु नोटिस**

उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक- 07/2025
प्रोसेस क्रमांक- 157 /2025
पेशी दिनांक- 15/09/2025
जारी दिनाँक- 22/08/2025

बुधरू अतरा........................आवेदक
विरूद्ध
शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक दंतेवाड़ा व अन्य..................अनावेदकगण

उपरोक्त प्रकरण के संदर्भ में आप अनावेदक क्रमांक-02- आम जनता को नोटिस (सूचना) दिया जाता है कि-

आवेदक बुधरू अतरा के छोटे भाई स्व. लक्ष्मण अतरा की मृत्यु दिनांक 06/03/2021 को हो जाने से स्व. लक्ष्मण अतरा का आप अनावेदक क्रमांक 01 के पंजाब नेशनल बैंक की शाखा दंतेवाड़ा में स्थित बचत खाता क्रमांक 4949001700016249 में जमा राशि को प्राप्त करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने का आवेदन पेश किया है जिसकी सुनवाई दिनाँक 15 माह 09 सन 2025 को दिन के ठीक 11:00 बजे अनावेदकगण की उपस्थिति हेतु इस न्यायालय के समक्ष नियत है।

अतः इस नोटिस के माध्यम से आप अनावेदक क्रमांक-02- आम जनता को नोटिस (सूचना) दिया जाता है कि उपरोक्त दिनाँक 15 माह 09 सन 2025 को दिन के ठीक 11:00 बजे आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से या इस संबंध में आपके लिए विधिवत प्राधिकृत कोई भी व्यक्ति उपस्थित होवें एवं पक्ष रखें तथा अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में सुनवाई की जाकर अग्रिम कार्यवाही किया जायेगा। यदि किसी कारण न्यायालयीन अवकाश हो जाता है तो उक्त मामले की सुनवाई अगले कार्य दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 22 माह 08 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा लगाकर जारी किया गया।

मुहर

(श्रीमती अपूर्वा दाँगी)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### निजी स्कूलों एवं नर्सिंग कालेजों में मनमानी फीस पर रोक की मांग

**बीजापुर।** जन अधिकार सामाजिक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिका सिंह ने बयान जारी कर जानकारी दी है कि 11 अगस्त को जनाधिकार सामाजिक कल्याण संघ बस्तर संभाग के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिका सिंह जी के अगुआई में प्रदेश के निजी स्कूलों एवं नर्सिंग कालेजों में ली जा रही मनमानी फीस पर रोक लगाते हुए जिलों में कलेक्टर महोदय द्वारा फीस निर्धारण करने संबंधित ज्ञापन आयुक्त बस्तर संभाग को सौंपा गया था जिसमें उल्लेख किया गया था कि इस मांग से संबंधित ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री विधान सभा अध्यक्ष एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम पूर्व में सौंपा गया था। इस परिपेस में उच्च न्यायालय बिलासपुर ने भी निजी स्कूलों के द्वारा ली जा रही मनमानी फीस को गंभीरता से लिया जाकर राज्य सरकार को फीस निर्धारण करने हेतु सुझाव दिया गया है।

### जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ



**भानपुरी।** विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान समिति छत्तीसगढ़ योजना अनुसार ग्राम भारती जिला बस्तर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर में अध्ययनरत भैया, बहनों का सर्वांगीण विकास में क्रीड़ा भी एक महत्वपूर्ण भाग है जिसमें बस्तर ज़िला संचालित 18 विद्यालय में से 12 विद्यालय के भैया बहनों ने भाग लेकर अपने प्रतिभा को दिखाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संतोष बघेल जनपद पंचायत अध्यक्ष, विद्यालय के समिति के उपाध्यक्ष लक्ष्मी वैध, कोषाध्यक्ष किसन सेन, ग्राम भारती सचिव रामानुज पांडेय, समन्वयक संतोष उईके, क्रीड़ा प्रमुख सत्यम सेठिया, दामोदर कश्यप एवं सरस्वती शिशु मंदिर भानपुरी के प्रधानाचार्य रामदयाल नाग उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, भारत माता के छाया चित्र के प्रतिमा पर दिप प्रज्वलित कर किया गया।

### दुगेली मड़कापारा में हुआ सुपोषण चौपाल



**दंतेवाड़ा।** जिले के ग्राम दुगेली मड़कापारा में रजत महोत्सव के अवसर पर सुपोषण चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गर्भवती महिला का गोद भराई, किशोरी बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा,मासिक धर्म में स्वच्छता, खानपान, गुड टच, बैड टच, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दिया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों में टॉय मेकिंग कार्यक्रम किया गया है जो जिले के 1055 आंगनबाड़ी केन्द्रों में संपन्न हुआ। इस मौके पर महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य, को महतारी वंदन योजना के लाभार्थी महिलाएं उपस्थित थे।

### छात्राओं को लैंगिक अपराधों की दी जानकारी

**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिंगपाल दरभा में बालिका सुरक्षा माह अंतगर्त बालिकाओं के लिए सुरक्षित और सक्षम वातावरण तैयार करने बालिका सुरक्षा माह मनाया गया। इस दौरान बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास के परामर्शदाता रंजीता देवांगन एवं सामाजिक कार्यकर्ता अनिता कश्यप द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिंगपाल दरभा में बालिका सुरक्षा माह पर छात्राओं को मिशन वात्सल्य योजनाओं की जानकारी दी एवं छात्राओं को गुड टच बेड टच,बाल विवाह मुक्त छग अभियान,पाक्सो अधिनियम लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, स्कूलों में किशोरी बालिकाओं की सुरक्षाबाल श्रम,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व बच्चों को उनके अधिकारों से संबंध में जागरूक किया गया।

# गाजर घास उन्मूलन अभियान से जन-जागरूकता से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में जिले में 16 से 22 अगस्त तक गाजर घास उन्मूलन जागरूकता सप्ताह का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किया गया। इस दौरान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों, ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों को गाजर घास के दुष्प्रभावों व इसके उन्मूलन के उपायों की सचित्र जानकारी दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मुरतोंडा के स्कूल मुयापारा व कानकीपारा के बच्चों और मुयापारा की महिलाओं के साथ-साथ कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में भी सामूहिक रूप से गाजर घास उखाड़कर नष्ट किया गया।

ग्रामवासियों और स्कूल बच्चों ने सामूहिक रूप से गाजर घास उखाड़कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कृषि विज्ञान केंद्र ने लोगों से अपील की कि वे अपने खेत, आंगन और सार्वजनिक स्थलों पर इस हानिकारक खरपतवार को न पनपने दें। जनजागरूकता अभियान के दौरान केंद्र से प्रक्षेत्र प्रबंधक श्रीमती मयूरी ठाकुर, गुलशन वर्मा, ज्योतिष पोटला तथा नंदा उपस्थित रहे।

## सामुदायिक भागीदारी जरूरी : वैज्ञानिक डॉ. योगेश

### गाजर घास के दुष्प्रभाव

कार्यक्रम में बताया गया कि गाजर घास त्वचा रोग, एलर्जी, दमा और कृषि भूमि की उर्वरता पर गंभीर असर डालती है। यह न केवल फसलों की उपज घटाती है, बल्कि पशुओं के लिए भी विषैली सिद्ध होती है। गर्भवती पशुओं में यह गर्भपात का कारण तक बन सकती है।




### वैज्ञानिकों की सलाह

केंद्र के कीट वैज्ञानिक डॉ. योगेश कुमार सिदार ने जैविक नियंत्रण की जानकारी देते हुए कहा कि मैक्सिकन बीटल गाजर घास नियंत्रण का प्रभावी साधन है। उन्होंने सामुदायिक स्तर पर इसे उखाड़कर नष्ट करने, कम्पोस्ट बनाने और वैकल्पिक उपयोग अपनाने पर बल दिया।

## विधायक ने किया 62.25 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयासरत : विनायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी और विकास के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए तोकापाल विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनायक गोयल ने तोकापाल विकासखंड अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में कुल 60.25 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, ग्रामीणजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विधायक गोयल ने ग्राम पोटानार में 5.20 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसी प्रकार सिंगनपुर ग्राम में 4.80 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। ग्राम अटल में 5 लाख रुपए की लागत से अटल डिजिटल सुविधा केंद्र (सीएस भवन) का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया, जिससे ग्रामीणों को डिजिटल सेवाएं सुलभ रूप से उपलब्ध हो सकेंगी। ग्राम घाटधनोरा में दो नग सीसी सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया, जिनकी कुल लागत 10.20 लाख रुपए है। इसके अतिरिक्त सिरिसगुड़ा प्रा. शाला में नवीन भवन निर्माण कार्य हेतु 20.30 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। सामुदायिक भवन का लोकार्पण कार्य 11 लाख रुपए की लागत से किया गया, जिससे ग्रामीणों को सामाजिक आयोजनों के लिए सुव्यवस्थित स्थल उपलब्ध होगा।साथ ही ग्रामीण जल सुविधा को ध्यान में रखते हुए 2 नग पानी टैंकर की व्यवस्था 3.75 लाख रुपए की लागत से की गई। पखनारचा ग्राम में भी प्राथमिक शाला के नवीन भवन निर्माण हेतु 20.30 लाख रुपए का भूमिपूजन 1 नग पानी टेंकर वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक गोयल ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे सतत प्रयासरत हैं। गांव-गांव में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जल और डिजिटल सुविधाओं की उपलब्धता उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणजनों से अपील की कि वे इन विकास कार्यों की निगरानी में भागीदारी करें ताकि गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य समय पर पूर्ण हो सके।



**ये रहे मौजूद** इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पदमनी कश्यप, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी , उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रैतुराम बघेल , मण्डल अध्यक्ष सौमारू राम कश्यप, जनपद सदस्य शांति नाग, जीवनाथ मौर्य, चन्द्रकांत भण्डारी, सुभाष कश्यप मिटकु राम बघेल, नियान्शु सिंह, उर्मिला गोयल, शांति कश्यप, चिन्टु मण्डावी, अर्जुन सेठिया, एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय को केंद्रित कर जिला दंतेवाड़ा में छात्र-छात्राओं के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता कर उनका यातायात नियमो के प्रति ज्ञानवर्धन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कुआकोंडा ब्लाक में भी शनिवार को ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता पोटाकेबिन क्रमांक 2 में आयोजित की गई। पूरी प्रतियोगिता में विकासखंड की कुल 10 टीमों के 36 प्रतिभागियों ने पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार मुखर होकर रखे। प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा को लेकर सारगर्भित बहुत से तर्क रखे और जीवन रक्षा के लिए जागरूकता पर जमकर जोर दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत भी किया गया।

- विजयी प्रतिभागियों को मिला नगद पुरस्कार

इस क्रम में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के पक्ष में तर्क देने वाले शाउमा कन्या विद्यालय किरंदुल ने पहला स्थान प्राप्त किया। विपक्ष से शाउमा विद्यालय कोड़ेनार क्रमांक 2 द्वितीय स्थान पर रहा, जबकि तृतीय स्थान शाउमा विद्यालय कुआकोंडा को मिला। विजेता टीमों को क्रमशः 2500 एवं 2000 और 1500 रुपये की नगद पुरस्कार राशि दी गई।

साथ ही तीन टीमों को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप एक-एक रुपये प्रदान किए गए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत हितावर के उपसरपंच राजीव चौहान, बीईओ प्रमोद भदौरिया, एबीईओ मनोज राठौर, बीआरसी रत्तूराणा, सीएसी सहित ग्रामीणजन, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में ज्योति शर्मा, रीता घोष, ज्योति तारम एवं सारिका देवांगन शामिल थीं। मंच संचालन ओपी कैवर्त्त ने किया।

## 166 महतारी सदन की मिली स्वीकृति 25 सौ वर्ग फुट में बनेगा महतारी सदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयास से 166 महतारी सदन की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है, इसके लिए 49 करोड़ 80 लाख रुपये की स्वीकृति जारी की गई है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि न्यू इंडिया के ग्रोथ साइकल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि लगातार ग्राम भ्रमण के दौरान महिलाओं द्वारा बैठने की स्थान न होने की शिकायत की और बैठने हेतु स्थान दिलाने की मांग की जाती रही इसलिए महतारी सदन बनाने का विचार आया। तत्पश्चात महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको कामकाज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बनाने जा रही है। अब तक 368 महतारी सदन की स्वीकृति इसी उद्देश्य को पूर्ति के लिये जारी किया गया है। कार्यों में एकरूपता के दृष्टिकोण से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्य का एक मानक डिजाईन एवं प्राक्कलन तैयार किया गया है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि रुपये 30 लाख होगी।

### सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाने की योजना

प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाया जाएगा। महतारी सदन बनाने की शुरुआत हो गयी है। पहले चरण में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में महतारी सदन बनना प्रारंभ किया जा रहा है व 5 साल में सभी ग्राम पंचायत में महतारी सदन बनेंगे। प्रदेश में बनने वाले महतारी सदन का निर्माण लगभग 25 सौ वर्ग फुट में कराया जाएगा। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हाल, किचन और स्टोर रूम जैसी सुविधाएं रहेगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वाटर हार्वेस्टिंग भी किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमें बाउंड्रीवाल भी बनाये जाएंगे। महतारी सदन में सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा।

## 13 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**दंतेवाड़ा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली के निर्देशानुसार विजय कुमार होता प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत 13 सितम्बर को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों एवं न्यायाधीशगण के साथ बैठक आयोजित की गई। उक्त लोक अदालत हेतु जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा, व्यवहार न्यायालय सुकमा, व्यवहार न्यायालय बीजापुर एवं व्यवहार न्यायालय बचेली में खंडपीठ की गठन की जायेगी। साथ ही राजस्व न्यायालयों में भी लोक अदालत की खंडपीठ बनेगी जिसमें राजस्व न्यायालय में लंबित मामलों की निराकरण किया जायेगा। साथ ही कुटुम्ब न्यायालय में परिवार संबंधी मामलों का निराकरण किया जायेगा। इस संबंध में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा यह बताया गया की न्यायालयों में लंबित मामलों के अतिरिक्त बीमा संस्था, बैंक, विद्युत सेवा, दूरसंचार सेवा से संबंधित मामलों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन के रूप में किया जायेगा। न्यायालय में लंबित मामले सिविल वाद, राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत आने वाले मामले, दावा दुर्घटना, श्रम न्यायालय में लंबित मामलें का निराकरण किया जायेगा। धारा 138 के अंतर्गत चेक बाउंस के मामले, धन वसुली वादों में यदि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से वादों का निराकरण किया जाता है तो न्यायालय शुल्क की वापसी होगी जिससे धन की बचत होती है।

## बेटियों के सशक्तिकरण और खेल प्रतिभा को मिला नया मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) द्वारा भारत सरकार की 'बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ' कार्ययोजना अंतर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं के सुरक्षा, सक्षम एवं सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने तथा उनके सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान हेतु ग्राम पंचायत केरलापाल स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में भव्य छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें प्रमुख रूप से चाइल्ड हेल्प लाइन - 1098, महिला हेल्प लाइन -181, स्पॉन्सरशिप योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, स्नेह सर्वोदय बालिका गृह, भारतीय न्याय संहिता 2023, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण जैसे संवेदनशील विषय सम्मिलित रहे।




कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बनाने हेतु किशोरी बालिकाओं के लिए चित्रकला, निबंध लेखन, पिट्ठुल, खो-खो, कबड्डी तथा कुर्सी दौड़ जैसी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन में विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ एवं महिला सशक्तिकरण केन्द्र से जेंडर विशेषज्ञ सुश्री दीपिका सिंह, रविन्द्र सिंह तथा वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ प्रदीप मंडल की विशेष उपस्थिति रही।

## पोला पर्व पर आधारित निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड

शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपल में रजत जयंती वर्ष के अवसर पर प्राचार्य ए आर नोन्हारे के निर्देशन में विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। यूथ एवं इको क्लब प्रभारी अमृता चंदेल द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम अभियान के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया जिसमें क्लब के छात्राएँ, गाइड के छात्राएं एवं एनसीसी के छात्रायें सम्मिलित हुए। इसमें शिक्षिका अमृता चंदेल, कु आरती कोसले, मदीना खान सक्रिय रूप से शाला परिसर के स्वच्छता अभियान में सक्रिय रहे। माध्यमिक वर्ग के छात्राओं द्वारा पोला पर्व पर आधारित निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओ ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें प्रधानाध्यापक प्रद्युमन कुमार पांडे सक्रियता से प्रतियोगिता संपन्न कराए। राष्ट्रीय स्पेस डे के अवसर पर माध्यमिक वर्ग के छात्राओं हेतु एवं हायर सेकेंडरी के छात्राओ हेतु राष्ट्रीय स्पेस डे से संबंधित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिक्षिका कु आरती कोशले द्वारा स्पेस के संबंध में चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन के साथ डिजिटल माध्यम से प्रदर्शन कर छात्राओं को ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान करते हुवे अवगत कराया गया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बाल सभा का आयोजन किया गया जिसमें सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी शिक्षक स्टॉफ उपस्थित रहे।




आज सड़क सुरक्षा से संबंधित ब्लॉक स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इस संस्था से दो छात्राओं ने भाग लिया।यह प्रतियोगिता शा कन्या उ मा विद्यालय बस्तर में आयोजित था। उक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुवे कु रागिनी वट्टी ने द्वितीय स्थान एवम कु देविका तारम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

## वाद विवाद प्रतियोगिता व सड़क सुरक्षा पर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर/भोण्ड

सड़क सुरक्षा व जीवन रक्षा पर आधारित खण्ड स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को सेजेस कन्या बस्तर के शाला प्रांगण में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के महत्व को समझने एवम यातायात के नियमों के पालन को अमल लाने के लिये जनसमुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने के आशय से प्रदेश भर में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा (हेलमेट का प्रयोग, सीटबेल्ट का प्रयोग, शराब का सेवन कर गाड़ी न चलाना, तेज रफ्तार से मोटरसायकल पर मोबाइल फोन का प्रयोग न करना) पर आधारित छात्र छात्राओं के हाई स्कूल व हायर सेकंडरी स्तर से राज्य स्तर तक में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीण समुदाय को जागृत करने एवम आने वाले नवजवानों के लिये यातायात शिक्षा प्रदान करना है। विकास खण्ड बस्तर के अंतर्गत संचालित विभिन्न हायर सेकंडरी शालाओ से बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु सिमरन व खुशी झा ने प्राप्त किया वही भव्य ठाकुर व कु रागिनी ने द्वितीय स्थान तथा कु देविका व कु दीप शिखा तृतीय स्थान प्राप्त कर विजयी रहे। प्रथम स्थान वाले को 2500 रुपए, द्वितीय को 2000 रुपए व तृतीय को 1500 रुपए नगद पुरस्कार प्रदाय किया गया। पुरस्कार टीआई सुरेश जांगड़े, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी द्वारा प्रदाय किया। ये तीनो दल जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित किये गए है। इसके अतिरिक्त जोशेफ, रमेश, सतीश व कु डूमरवती को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

- विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित




इस अवसर पर बीआरसी अजम्भर कोर्राम, प्राचार्य कन्या बस्तर कमल मौर्य, प्राचार्य सेजेस बस्तर मनोज सिंह, चन्द्रभान मिश्र, नन्दकुमार पटेल, सोमन मौर्य, सन्तोषी चौधरी, दीप्ति बारले, रेणु तिवारी सहित नियुक्त निर्णायक की टीम मौजूद थी।

### निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को निर्धारित समय पर पूरा करें

**गीदम।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा जिले के आवासीय विद्यालयों पोटाकेबिनों के अधोसंरचना और सुविधाओं में गुणवत्तापूर्ण सुधार एवं उसके मरम्मत को उत्कृष्ट बनाने के लिए विशेष पहल की जा रही है। इस क्रम में आज कलेक्टर द्वारा गीदम विकासखण्ड अन्तर्गत आवासीय पोटाकेबिन कारली, हितामेटा और कासोली का औचक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम कलेक्टर ने कन्या आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन कारली में खिड़की-दरवाजों की मरम्मत, दीवारों की दरारों का सुधार, क्लासरूम में पार्टिशन, खेल मैदान में टाइल्स लगाने, दीवारों के सीपेज और टॉयलेट की मरम्मत कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराये जाने हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को निर्देशित करते हुए 15 सितंबर तक पूरा करने हेतु कहा।

## कार और बाईक में भिड़ंत, हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

कार और बाईक में भिड़ंत से दो युवको को मामूली चोट आई है वहीं कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

शहर इन दिनों घटनाओं की संख्याएं बढ़ते ही जा रही है, यातायात पुलिस चौक चौराहो में यातायात सुधाने के बजाये, बाईक सवारों का चालान काटने में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं, भारी वाहन शहर के अंदर नो एंट्री होते हुए भी प्रवेश कर रहे है। आज एसा ही गंभीर दुर्घटना सेन्ट्रल बैंक के चौक में वाहन क्रमांक सीजी 18 एल 3462 लेफ्ट टर्न लेने वाहन चालन नें जैसे ही मोड़ा पीछे से आ रहा प्लेटीना मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 17-ई 8959 सवार के साथ टक्कर हो गया। कार के सामने के हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, बाईक सवार दोनों युवको को मामूली चोट आई जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं यातायात पुलिस लोगों तक यातायात नियमों की जानकारी पहुंचाने में असफल साबित हो रही है।



## खबर संक्षेप

### विधायक ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का जाना हाल



**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव क्षेत्र के दौरा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र नयापारा आड़ावाल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों से मुलाकात कर कुशलक्षेम जानकर उनके कार्य के संबंध में विस्तार से चर्चा किया। देव ने कहा समाज की नींव मजबूत करने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उनके अथक प्रयास से बच्चों और माताओं का भविष्य सुरक्षित व बेहतर होता है। उनके साथ नीचे बैठकर काफी समय तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों से चर्चा किया।

### सक्षम के संगठन मंत्री बने शुभम



**जगदलपुर।** सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) का विस्तार करते हुए कार्यकारिणी में नवपदाधिकारियों को जगह दी गई है। सक्षम की संगठनात्मक दृष्टि से पूरे संगठन को संगठित रखने शुभम गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा अजय सेठिया को सक्षम का बस्तर जिलाध्यक्ष और हेमराज कश्यप को कार्यकारी जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सुनील नत्थानी, दुर्गा प्रसाद कवि और आशीष करमचंदानी को उपाध्यक्ष, ओम साहू को जिला मंत्री का दायित्व दिया गया है। जगदलपुर नगर की कार्यकारिणी में दुर्गेश सिंह (डिंपू) को अध्यक्ष पद का दायित्व देकर उन्हें जगदलपुर नगर में कार्यकारिणी का गठन करने के साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के लिए काम करने कहा गया है। वहीं डॉ. दिलेश जोशी को कार्यकारी नगर अध्यक्ष, सत्यम सोमवंशी को नगर मंत्री व राहुल पांडे (चंकी) को नगर सहमंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई है। सक्षम अध्यक्ष कुणाल चालीसगांवकर, महामंत्री ऋषि भटनागर व संभागीय अध्यक्ष भवानी प्रसाद सतपथी की मौजूदगी में सर्वसम्मति से नवपदाधिकारियों को नए दायित्व सौंपे गए हैं।

### सीएमएचओ ने आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण



**जगदलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री द्वारा दरभा ब्लॉक के बड़े कड़मा, मगनार और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेगानार का औचक निरीक्षण किया गया। पंचायत भवन बड़े कड़मा में चल रहे ग्राम सभा में स्वास्थ्य कर्मी द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाना पाया गया और आयुष्मान कार्ड के जिला नोडल पृथ्वी साहू द्वारा आयुष्मान कार्ड के साथ वय वंदन कार्ड का भी निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु निर्देश दिए गए। आयुष्मान आरोग्य मंदिर मगनार में आयुष्मान कार्ड के बारे में जानकारी ली गई। आगामी दिनों में होने वाले एनक्वॉस निरीक्षण की तैयारी का जायजा लिया गया।

# साइकिल से दिया फिटनेस का संदेश, पुलिस जवान बने रोल मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

फिटनेस ही असली वेल्थ है, इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए रविवार को जिले में "संडे ऑफ़ ऑन साइकल" अभियान की शुरुआत की गई। फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत आयोजित इस अभियान में सुकमा पुलिस के अफसरों व जवानों ने सड़कों पर साइकिल दौड़ाई और लोगों को रोजाना आधे घंटे व्यायाम करने की प्रेरणा दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुरूप फिट इंडिया मूवमेंट के तहत देशभर में यह पहल की जा रही है। पुलिस बल को फिट रखने और आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की ओर से इसे बढ़ावा दिया गया है। अभियान के दौरान पुलिस अफसरों ने लोगों से अपील की कि वे दिनचर्या में कम से कम आधा घंटा शारीरिक गतिविधि को ज़रूर शामिल करें। पुलिस अधिकारियों का कहना था कि साइक्लिंग न सिर्फ फिटनेस बनाए रखती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और यातायात भार कम करने में भी सहायक है।

## अफसरों व जवानों ने दौड़ाई साइकिल, लोगों को रोजाना आधे घंटे व्यायाम करने की दी प्रेरणा



### पुलिस अधिकारी बने प्रेरणास्रोत

सुकमा पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आईपीएस) रोहित साहा के नेतृत्व में यह आयोजन हुआ। इस दौरान एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार, डीएसपी नक्सल ऑपरेशन मनीष रात्रे, डीएसपी एसआईबी प्रभारी रविकांत साहरे, डीएसपी मुख्यालय केके वाजपाई, डीएसबी एसआई साहू, सूबेदार रमेश पुरैना समेत बड़ी संख्या में पुलिस जवान शामिल हुए।

## शहीद गेंदसिंह के नाम पर पुरातत्व संग्रहालय का नाम हो

# खाली पड़ी नजूल भूमि बस्तरिया मूल समाज को मिले : तोड़ेम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा के पूर्व विधायक तथा छतीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजाराम तोड़ेम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शहर के प्रतापगंज पारा में स्थित नजूल भूमि को सार्वजनिक उपयोग के लिए बस्तर मूल निवासी समाज को देने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने पत्र मुख्यमंत्री को भेजा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद गेंदसिंह के नाम पर पुरातत्व संग्रहालय का नामकरण किया जाए। उन्होंने याद दिलाया कि 4 वर्ष प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जिला पुरातत्व संग्रहालय का नामकरण शिरोमणी गेंदसिंह के नाम पर करने की घोषणा की थी । जिसका अब तक नामकरण न होना आदिवासी समाज का अपमान है। हरिभूमि से चर्चा में उन्होंने कहा कि प्रतापगंज पारा में जहां सरकारी आवास बने थे वह जर्जर होने के बाद तोड़ दिए गए है । स्थल पर खाली भूमि है। यह स्थल आदिवासी समाज के नाम पर किया जाना उचित होगा। उन्होंने बताया कि शहर के कई इलाकों की कीमती सरकारी जमीनें भूमाफिया और भ्रष्ट अफसरों के साठ गांठ के चलते अस्तित्व में नही है। वहीं कोटवारी जमीन पर भी दूसरे समाजो का कब्जा हो गया है। समाज के नाम पर जमीन हथियाने का खेल चल रहा है। ऐसी स्थिति में अवसरवादी लोग बेशकीमती जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं।



### 5वीं अनुसूची क्षेत्र में मनमानी

पूर्व विधायक ने कहा कि बस्तर में 5वीं अनुसूची लागू है ऐसे में नियम कायदों की धज्जियां उड़ाते कतिपय लोग निजी स्वार्थ के चलते अफसरों से साठ गांठ कर जमीन हथिया रहे हैं। इस पर शासन प्रशासन को विशेष रूप से सजग रहने की जरूरत हैं।

### नगर के जनप्रतिनिधि जिम्मेदार

राजाराम तोड़ेम ने कहा कि शहर के 48 वार्ड में जनता ने विश्वास के साथ महापौर और पार्षदों को चुना है। जिनकी जवाबदारी है कि वे कीमती सरकारी नजूल जमीन पर बेजा कब्जा और अवैध खरीदी ब्रिकी पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि पार्षदों को अपने वार्ड की पूरी जानकारी रहती हैं। ऐसे में भूमाफिया और भ्रष्ट अधिकारी कैसे जमीन की सौदेबाजी कर रहे है यह समझ से परे है । जबकि पार्षद पर पूरे वार्ड की जिम्मेदारी रहती है। तोड़ेम ने कहा महापौर संजय पाण्डेय कई साल से पार्षद रहते हुए महापौर बने है उन्हें सरकारी जमीनों की अवैध सौदेबाजी पर सख्त कार्यवाही करनी चाहिए।

### सांसद, विधायक और मद्दी का अनुशंसा पत्र

शहर के प्रतापदेव वार्ड स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 78 प्लाट नंबर 168 में कुल 15318 वर्ग फुट जमीन को मूल बस्तरिया समाज को देने सर्व आदिवासी समाज ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। वहीं पिछले 20 अगस्त को हुई नगर निगम एमआईसी की बैठक की विषय सूची में इसी जमीन में से 7500 वर्ग फुट नजूल भूमि मंदिर निमार्ण हेतु आबंटन किए जाने के लिए अनापत्ति प्रमाण जारी करने की मांग की गई है। जिसमें सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण देव और छग स्टेट ब्रेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने अनुशंसा पत्र लिखा है । इसपर विचार एवं निर्णय होना है।

# बैलाडीला ट्रक ओनर एसोसिएशन का हुआ शपथ ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

विगत 13 अगस्त को हुए बैलाडीला ट्रक ओनर एसोसिएशन के चुनावी घमासान के बाद 24 अगस्त को यूनियन कार्यलय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

चुनाव अधिकारी दिनेश सिंह राठौर ने संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारीयो को शपथ ग्रहण कराया। आर. सी नाहर एवं राकेश सिंह गौतम ने मंच संचालन किया। सभी पदाधिकारियो ने संघ तथा संघ के सदस्यों के हित में काम करने का संकल्प लिया। इस मौके पर संघ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सबसे पहले मनोज कुमार सिंह को शपथ दिलाने के बाद, उपाअध्यक्ष राहुल असरानी, विजयन्त सिंह गौतम, सचिव



आकाश गोयल, मनीष कुमार नायक कोषाध्यक्ष, सह सचिव विश्वजीत सरकार और वैभव गौरंग साहा को शपथ दिलाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, विधायक चैतराम अटामी जी, जिला अध्यक्ष नन्दलाल मुडामी, उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, नगर बचेली पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल, किरंदुल नगर पालिका अध्यक्ष रूबी सिंह, पिंटू राम उइके, अवधेश सिंह गौतम समेत अन्य उपस्थित रहे।

# संभाग के 42 कर्मियों को जिला मास्टर ट्रेनर की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारत सरकार के जनजातीय विकास मंत्रालय की महत्वपूर्ण योजना आदि कर्म योगी अभियान

- आदि कर्म योगी अभियान का हुआ प्रशिक्षण

रिस्पांसिंग गवर्नेस प्रोग्राम के प्रोसेसिंग लैब, जिसके तहत संपूर्ण भारत में के जनजाति क्षेत्र में शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में अब तक वंचित रहे मूल निवासियों के उत्थान हेतु आदि कर्म योगी अभियान भारतीय जनजाति विकास मंत्रालय की ओर से प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण रायपुर में संपन्न हुआ। बस्तर संभाग से विभिन्न विभागों के चयनित 42 कर्मचारियों को जिला मास्टर ट्रेनर की ट्रेनिंग दी गई। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा जिले में सभी ब्लॉक से आए विभिन्न विभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाना है, जो बस्तर जिले के लिए जिलाधीश द्वारा 28, 29 और 30 अगस्त को जिले में प्रशिक्षण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण में प्रत्येक ब्लॉक से 10 प्रतिभागी प्रशिक्षण लेने के लिए कर्मचारी विभिन्न विभाग से उपस्थित होंगे। ब्लाक स्तरीय ट्रेनर आदि साथी कहलाएंगे, वह ग्राम स्तर पर आदि सहयोगी तैयार कर आदि सेवा केंद्र के माध्यम से सभी शासकीय योजनाओं का लाभ सरलता पूर्वक समाज के अंतिम वांछित व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य करेंगे। प्रशिक्षण में वन विभाग से इंद्रप्रसाद बंजारे, पीएचई से अनिल आगरकर, महिला बाल विकास विभाग से श्रीमती सुधा श्रीवास्तव, जिला अंकेक्षक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से शिवकुमार साहू, आदिवासी विकास से दीपक मौर्य और स्वास्थ्य विभाग से प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी शकील खान ने भाग लिया।



# मितानिन बहनें स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ : विनायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आज तोकापाल, चित्रकोट, बास्तानार एवं दरभा ब्लॉक की मितानिन बहनों ने अपनी समस्याएं चित्रकोट विधायक विनायक गोयल

- 4 ब्लाक से पहुंची मितानिन की समस्या सुनकर विधायक ने उचित पहल का दिया आश्वासन

के सामने रखीं। उनकी बातें सुनने के बाद विधायक ने कहा कि मितानिन बहनें स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ हैं। उनकी समस्याएं हमारी समस्याएं हैं। मैंने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि शीघ्र ही उनकी मांगों व मुद्दों को सरकार के समक्ष रखकर समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। विधायक ने माना कि बस्तर जैसे आदिवासी अंचल में गांव गांव जाकर ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी देना काफी महत्वपूर्ण काम है। यह काम मितानिन बहनें कर रही है। उन्होंने मानदेय बढ़ाने और अन्य सुविधाओं की मांग की है जो जायज है। इसके लिए विशेष तौर पर शासन के समक्ष उनकी बात रखुंगा और गुजारिश करुंगा कि उनकी जायज मांग पूरा हो सके।



# जब तक न्याय नहीं तब तक भीख सही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला स्कूल आश्रम छात्रावास शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ जगदलपुर के

- नियमितकारण को लेकर सकारात्मक पहल नहीं हुई

द्वारा एक सूत्रीय मांग नियतिकारण को लेकर 24 जून से जगदलपुर से रायपुर 300 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर 15 जुलाई से लगातार आज परियांन्त धरना प्रदर्शन नयारायपुर के तुता धरनास्थल पर आज परियांन्त प्रार्दशन कर रहे है । विगत 2 महीने से वेतन अप्राप्त है और 15 महीने से भी सम्मान राशि भी नहीं मिला है जिससे आर्थिक परेशानी भी हो रही है और शासन प्रशासन द्वारा संगठन के एक सूत्र मांग नियमितकारण को लेकर सकारात्मक पहल नहीं हुई है। इससे आहत और व्यथित होकर बस्तर जिला आश्रम स्कूल छात्रावास शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ जगदलपुर के द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि 25 अगस्त से विधायक निवास , मंत्री निवास एवं अधिकारियों के कार्यालय जाकर भीख मांग कर जब तक न्याय नहीं तब तक भीख सही" मुहीम चलाया गया है। यह मूहिम बस्तर जिला स्कूल आश्रम छात्रावास शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ जगदलपुर के द्वारा रायपुर और जगदलपुर दोनों जगह चलाई जाएगी साथ में आदिवासी विकास शाखा जगदलपुर के द्वारा जितना भी स्कूल, आश्रम साला ,होस्टल संचालित है। वहां पर भी कर्मचारियों द्वारा भीख मांग कर शासन प्रशासन को होश में लाने हेतु यह कार्य किया जा रहा है । कर्मचारियों को हित को देखते हुए तथा नियमितकारण की मांग को लेकर बस्तर जिला के चतुर्थ वर्ग कर्मचारी जो बस्तर विशेष भर्ती अभियान के तहत भर्ती हुई हैं।

# परंपरा और समाज की सामूहिकता का प्रतीक : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करपावण्ड

नवाखाई पर्व के उपलक्ष्य में आज बीजागुड़ा करपावण्ड आश्रम में नवाखाई महोत्सव का आयोजन

- बीजागुड़ा करपावण्ड आश्रम में नवाखाई में सांसद हुए शामिल

हुआ। इस अवसर पर गंगा बाबा एवं बासुदेव बाबा की दिव्य उपस्थिति ने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। इस महोत्सव में सांसद महेश कश्यप परिवार सहित सम्मिलित हुए।

सांसद ने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि नवाखाई केवल कृषि और अन्न से जुड़ा पर्व नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा और समाज की सामूहिकता का प्रतीक है। यह पर्व हमें प्रकृति और अन्नदाता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से हमारी सामाजिक एकता और आध्यात्मिक चेतना सशक्त होती हैं।

इस महोत्सव में भक्तिमय भजनों,सामूहिक प्रार्थना और परंपरागत रीति-रिवाजों ने पूरे वातावरण को उल्लास और आस्था से परिपूर्ण कर दिया। सामूहिक भोग एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। नवाखाई के अवसर पर बस्तर अंचल की आध्यात्मिक परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजन स्थल पर दूर-दराज से आए श्रद्धालु भक्तगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



# केंद्रीय मंत्रियों से मिले सांसद व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सांसद महेश कश्यप और विधायक विनायक गोयल ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान भारत सरकार के उद्योग एवं इस्पात मंत्री, एचडी कुमारस्वामी से शिष्टाचार भेंट कर बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस अवसर पर क्षेत्र में औद्योगिक नवाचारों, रोजगार सृजन एवं विकास की संभावनाओं को लेकर उपयोगी विचार-विमर्श हुआ। इसके अतिरिक्त सांसद कश्यप और विधायक गोयल ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में देश केकैबिनेट मंत्री, हरदीप सिंह पुरी से सौहार्दपूर्ण भेंट की। इस दौरान ऊर्जा क्षेत्र में चल रहे महत्वपूर्ण कार्यों एवं





आगामी योजनाओं पर विस्तारपूर्वक एवं सारगर्भित चर्चा की गई।

# यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सड़क सुरक्षा के बारे में स्कूलों में कलेक्टर बस्तर के निर्देश के अनुसार यातायात पुलिस,शिक्षा विभाग,स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा

- जागरूकता विषय पर हुआ वाद-विवाद प्रतियोगिता

रहा है इसमें विकासखंड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता तोकापाल के हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल के विद्यार्थियों के बीच स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुआ। सभी संस्थाओं से आए हुए विद्यार्थियों के दल में पक्ष में 5 तथा विपक्ष में 5 कुल 10 प्रतिभागी प्रत्येक शाला से सम्मिलित हुए।



इन्हें कुल चार निर्णायकों ने सुना और अपना निर्णय दिया। 10 मिनट के अंदर सभी दल को अपनी-अपनी बात रखनी थी विद्यार्थियों ने बहुत ही बेहतर तरीके से अपनी बातें रखी जिसे मौजूद सभी लोगों ने सराहना की।अंतिम परिणाम में प्रथम स्थान पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तोकापाल के विद्यार्थी है थे, जिन्हें 2500 रुपए की नगद राशि से सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान के विजयी प्रतिभागी थे पृथ्वी नाग, इंद्रेशकुमार विश्वकर्मा, समग्र जैन, तृषा ठाकुर, हेमेश्वरी सेठिया,सक्षम जैन,मोक्ष ठाकुर, संजना, कृति सोनी एवं सृष्टि शर्मा। विजेता गियों ने उपस्थित जनों का ध्यान अच्छे से आकृष्ट करवाया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड शिक्षा अधिकारी तोकापाल पूनम सलाम,सेजेस अंग्रेजी माध्यम तोकापाल प्राचार्य विधु शेखर झा,जेपी पाठक तोकापाल,निर्मल यादव मावली भाटा, विक्रम सिंह परिहार राजूर, नोडल अधिकारी तरुण ठाकुर, उप प्राचार्य सेजेस अंग्रेजी माध्यम इरम रहीम, व्याख्याता भूमिका साहा, शैलेंद्र बिसेन, संतोष कोर्राम, आराधना पांडे, गेंद कुमारी तिवारी, हेमंत पाटनी, लोकेश नाग,राम मोहन टांडे एवं काजल यादव विशेष रूप से उपस्थित थे।_रथम तीन स्थान प्राप्त दल को इसी माह अंत में जिला स्तर पर अपनी प्रस्तुति देनी होगी। द्वितीय स्थान पर हिंदी माध्यम तोकापाल के विद्यार्थी रहे, जिन्हें 2000 की राशि प्राप्त हुई। 1500 रुपए के राशि के साथ तीसरे स्थान पर हायर सेकेंडरी स्कूल मावली भाटा के विद्यार्थी थे जबकि सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1000 की राशि हाई स्कूल राजूर के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया।

